## संपादकीय

# गफलत के ट्रंप

पाक प्रधानमंत्री इमरान खान की अमेरिका यात्रा के दौरान राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा कश्मीर पर बातचीत के लिये भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मध्यस्थता के आग्रह संबंधी बयान से वे खुद विवादों में फंस गये हैं। अब अमेरिकी विदेश मंत्रालय द्वारा इस मामले पर सफाई दी जा रही है, जिसके चलते ट्रंप की विश्वसनीयता को ही आंच आई है। अमेरिकी डेमोक्रेट सांसद और विदेश मामलों की संसदीय समिति के सदस्यों ने ट्रंप को ही कठघरे में खड़ा कर दिया है। यहां तक कि अमेरिकी मीडिया ट्रंप के बेसिर-पैर के दावों की हकीकत दुनिया के सामने रख रहा है।?भारत ने ट्रंप के बयान को सिरे से खारिज किया है और दावा किया है कि जापान में जी-20 सम्मेलन के दौरान ट्रंप के साथ मोदी की कोई अनौपचारिक बातचीत हुई ही नहीं। विदेशमंत्री एस. जयशंकर ने विपक्ष द्वारा इस मुद्दे पर सरकार को घेरने की कोशिश के बाद संसद में बयान दिया कि भारत की तरफ से कश्मीर मुद्दे पर किसी मध्यस्थता का अनुरोध नहीं किया गया। भारत का मानना रहा है कि दोनों देशों में किसी भी मुद्दे पर द्विपक्षीय वार्ता ही हो सकती है। साथ ही पाक से किसी बातचीत की यह पहली शर्त है कि पहले सीमा पार से हर तरह के आतंकवाद पर रोक लगे। पिछले सात दशक से भारत की नीति रही है कि कश्मीर मुद्दा द्विपक्षीय बातचीत के साथ ही आगे बढ़ सकता है। शिमला समझौता और लाहौर घोषणापत्र भारत व पाक के बीच सभी मुद्दों के द्विपक्षीय समाधान का आधार प्रदान करता है। ऐसे में डोनाल्ड ट्रंप से मध्यस्थता का आग्रह करने का प्रश्न ही नहीं उठता। अतः ट्रंप का बयान औचित्यहीन ही है। बहरहाल, डोनाल्ड ट्रंप के इस विवादित बयान ने विपक्ष को मोदी सरकार को घेरने का मौका बैठे-बिठाये दे दिया है। इस मुद्दे पर लोकसभा व राज्यसभा में जमकर हंगामा हुआ।

दरअसल, कांग्रेस समेत विपक्षी दलों के नेता इस बाबत प्रधानमंत्री से बयान देने की मांग करते रहे और मामले पर सदन से वाकआउट भी किया। वे विदेशमंत्री के बयान से संतुष्ट नजर नहीं आये। वहीं सत्तापक्ष का कहना है कि सरकार साझे प्रयासों से ही चलती है, ऐसे में विदेशमंत्री के बयान को प्रधानमंत्री का ही बयान समझा जाना चाहिए। वहीं इस मुद्दे पर सफाई देते हुए अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने कहा है कि भारत और पाक के बीच बातचीत तभी संभव है जब पाकिस्तान अपनी धरती पर आतंकवादियों के खिलाफ निरंतर सख्त कदम ?उठाये। दोनों देशों के बीच संबंधों में खटास की वजह पाक की जमीन पर पनप रहा आतंकवाद ही है। साथ?ही यह भी कि भारत-पाक यदि बातचीत करते हैं तो अमेरिका को सहयोग करने में प्रसन्नता होगी। वहीं भारत का इस मामले में दृष्टिकोण स्पष्ट है और जनवरी 2016 में पठानकोट में भारतीय वायुसेना के अड्डे पर पाक पोषित आतंकवादियों द्वारा किये हमले के बाद से भारत पाक से कोई निर्णायक बातचीत नहीं कर रहा है। इसी कड़ी में पुलवामा में जैश-ए-मोहम्मद के आत्मघाती हमले में सीआरपीएफ के चालीस जवान शहीद हुए तथा प्रत्युत्तर में भारतीय वायुसेना द्वारा 26?फरवरी को बालाकोट स्थित जैश-ए-मोहम्मद के सबसे बड़े प्रशिक्षण शिविर को निशाना बनाया गया था। ऐसे में कश्मीर पर बातचीत के लिये अमेरिकी मध्यस्थता का आग्रह औचित्यहीन ही नजर आता है। मामले में बढ़ते विवाद के बाद अब अनौपचारिक तौर पर अमेरिका ने अपने रिकॉर्ड्स चेक कर भारत को बताया है कि अमेरिकी विदेश मंत्रालय व व्हाइट हाउस के आधिकारिक रिकॉर्ड्स में ट्रंप के दावे को लेकर कुछ भी नहीं पाया गया है। वहीं इस मुद्दे पर ट्रंप पर हमलावर हुए अमेरिकी मीडिया ने इस दावे को पूरी तरह खारिज किया है। अमेरिकी अखबार वॉशिंगटन पोस्ट के अनुसार फैक्ट चेकर्स डेटाबेस के मुताबिक राष्ट्रपति बनने के बाद ट्रंप अब तक दस हजार से अधिक बार झूठ बोल चुके हैं।

# अब हरमनप्रीत संभालेंगे भारत की पुरुष हॉकी टीम की कमान, मनदीप उपकप्तान

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** जापान में 17 से 21 अगस्त को ओलंपिक टेस्ट इवेंट होने जा रहा है। इसी को लेकर पुरुष हाकी टीम पूरी तरह से तैयार है। भारत की 18 सदस्यीय पुरुष हॉकी टीम का पहली बार प्रतिभासंपन्न ड्रैग फ्लिकर और डिफेंडर हरमनप्रीत सिंह को कप्तान नियुक्त किया गया है। तथा मनदीप सिंह को उपकप्तान नियुक्त किया गया है।

भुवनेश्वर में एफआईएच सीरीज फाइनल्स जीतने वाली भारतीय हॉकी टीम में नौ बदलाव किए गए हैं। पिछले करीब एक बरस से बराबर खेल रहे नियमित कप्तान आक्रामक सेंटर हाफ मनप्रीत सिंह, गोलरक्षक पीआर श्रीजेश, फुलबैक सुरेन्दर कुमार, बीरेन्द्र लाकड़ा, अमित रोहिदास, अनुभवी फारवर्ड आकाशदीप सिंह,रमणदीप सिंह और सिमरनजीत सिंह जैसे टीम के ज्यादातर सीनियर खिलाडिय़ों को आराम दिया गया है। भारत के चीफ हाकी कोच ग्राहम रीड का ज्यादातर सीनियर खिलाडिय़ों को ओलंपिक टेस्ट इवेंट के लिए आराम देने के मकसद ओलंपिक चॉलिफाइंग से पहले अपने सभी विकल्पों को आजमा लेना है। ओलंपिक टेस्ट इवेंट में मेजबान जापान, भारत, मलेशिया और न्यूजीलैंड की टीमें शिरकत करेंगी।

### टीम इस प्रकार

**गोलरक्षक:** कृष्ण बहादुर पाठक और सूरज करकेरा।

**रक्षापंक्ति:** हरमनप्रीत सिंह (कप्तान),जर्मनप्रीत सिंह, वरुण कुमार, कोथाजीत सिंह, गुरिंदर सिंह, नीलम संजीप जेस।

**मध्यपंक्ति:** हार्दिक सिंह, नीलकांत शर्मा, विवेक सागर प्रसाद, जसकरण सिंह, आशीष टोपो।

**अग्रिम पंक्ति:** मनदीप सिंह(उपकप्तान), एस वी सुनील, गुरजंत सिंह, शमशेर सिंह, गुरसाहिबजीत सिंह।



अनुभवी स्ट्राइकर एस वी सुनील की नौ महीने बाद हुई वापसी

अनुभवी स्ट्राइकर एस वी सुनील की करीब नौ महीने के बाद भारतीय हॉकी टीम में वापसी हुई है। साथ ही गोलरक्षक सूरज करकेरा और डिफेंडर जर्मनप्रीत सिंह भी लंबे अंतराल के बाद फिर से टीम में जगह बनाने में कामयाब हुए हैं। स्ट्राइकर शमशेर सिंह और मिडफील्डर आशीष टोपो टीम में जगह पाने वाले नए चेहरे हैं। जापान में इन दोनों की भारत की सीनियर हॉकी टीम के लिए अपने अंतर्राष्ट्रीय करियर का आगाज करने का मौका मिल सकता है। कोर ग्रुप में रहने के बावजूद अनुभवी ड्रैग फ्लिकर रूपिंदर पाल सिंह को एक बार फिर टीम में जगह नहीं मिल पाई है।

# एपल ने की एक अरब डॉलर में इंटेल का स्मार्टफोन मोडेम कारोबार खरीदने की घोषणा



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** महंगे स्मार्टफोन एवं अन्य उपकरण बनाने वाली कंपनी एपल ने एक अरब डॉलर में इंटेल का स्मार्टफोन मोडेम कारोबार खरीदने की घोषणा की है। दोनों कंपनियों ने इसको लेकर समझौता किया है। यह सौदा इस साल की अंतिम तिमाही में पूरा होने का अनुमान है। कंपनी ने गुरुवार को अपनी वेबसाइट पर जारी एक बयान में इसकी जानकारी दी। एपल ने कहा कि इस सौदे से इंटेल की बौद्धिक संपदा, उपकरण और पट्टे भी शामिल हैं। सौदे के तहत इंटेल के करीब 2,200 कर्मचारी एपल से जुड़ेंगे। एपल ने कहा कि इस सौदे के बाद उसके पास वायरलेस प्रौद्योगिकी के पेटेंट की संख्या बढ़कर 17 हजार से अधिक हो जाएगी। इसके बाद इंटेल स्मार्टफोन के अलावा अन्य उपकरणों के लिये ही मोडेम बनाएगी। इंटेल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बॉब स्वान ने कहा, ''इस सौदे से हमें 5जी नेटवर्क के लिये प्रौद्योगिकी विकसित करने पर ध्यान केंद्रित करने में मदद मिलेगी। हमें इस बात का भरोसा है कि एपल मोबाइल मोडेम टीम को उपयुक्त माहौल प्रदान करने में सक्षम रहेगी।'' एपल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (हार्डवेयर प्रौद्योगिकी) जॉनी स्रोउजी ने कहा, ''हमने इंटेल के साथ वर्षों से काम किया है। हमें मालूम है कि इंटेल की इस टीम के पास उपभोक्ताओं को विश्वस्तरीय अनुभव देने वाली प्रौद्योगिकी डिजायन करने का जज्बा है। हम इस बात से उत्साहित हैं कि इतने सारे शानदार अभियंता हमारी कंपनी से जुड़ रहे हैं।

# अनिल अग्रवाल ने एंग्लो अमेरिकन में अपना निवेश बेचने की घोषणा की

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** खनन एवं धातु क्षेत्र के उद्योगपति अनिल अग्रवाल ने एंग्लो अमेरिकन कंपनी में अपनी करीब 20 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचने की घोषणा की है। एंग्लो अमेरिकन हीरों के ब्रांड डी बीयर्स को नियंत्रित करती है। अग्रवाल दो साल पहले ही इस कंपनी के सबसे बड़े शेयरधारक बने थे। उन्होंने मार्च 2017 में जेपी मॉर्गन के बाध्यकारी परिवर्तनीय बांड के जरिये एंग्लो अमेरिकन के शेयरों की खरीदारी की शुरुआत की थी। उन्होंने सितंबर 2017 में दूसरी खेप की खरीदारी की। इससे उनकी कुल हिस्सेदारी 19.30 प्रतिशत पर पहुंच गयी। ये बांड अगले साल मार्च में परिपच होने वाले थे लेकिन अग्रवाल ने उससे पहले ही इसे बेचने तथा मुनाफा कमाने का निर्णय लिया। ऐसा माना जा रहा है इससे उन्हें करीब 50 करोड़ डॉलर की कमाई हुई है। अग्रवाल ने एक बयान में कहा, ''एंग्लो अमेरिकन मजबूत निदेशक मंडल और प्रबंधन की टीम के साथ ही शानदार संपत्तियों वाली कंपनी है। इसमें अग्रवाल परिवार के न्यास वोल्कन्स का शुरुआती निवेश एक आकर्षक वित्तीय निवेश है।

# पाकिस्तान ने पिछले 16 महीनों में भारत से किया 250 करोड़ रुपये के टीकों का आयात

**इस्लामाबाद (आरएनएस)।** पाकिस्तान ने पिछले 16 महीनों के दौरान भारत से 250 करोड़ रुपये से अधिक के रेबीज रोधी तथा विष रोधी टीकों की खरीदारी की है। एक स्थानीय अखबार ने यह खबर दी है। पाकिस्तान के अखबार 'द नेशन' ने गुरुवार को एक खबर प्रकाशित की। इसके अनुसार पाकिस्तान में पर्याप्त मात्रा में टीके नहीं बनने के कारण उसने पिछले 16 महीनों में भारत से 3.6 करोड़ डॉलर यानी 250 करोड़ रुपये से अधिक के टीकों का आयात किया है। पाकिस्तान के सांसद रहमान मलिक ने भारत से खरीदी जा रही दवाओं की मात्रा और इनके मूल्य के बारे में सवाल किया।

इसके बाद राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा मंत्रालय ने संसद की स्थायी समिति को इस बारे में जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा कि रेबीजरोधी और विषरोधी दोनों तरह के टीके देश में बनाए जाते हैं। हालांकि इससे मांग की पूर्ति नहीं हो पा रही है। इस कारण भारत से इन्हें आयात किया जा रहा है।

# धोनी के सेना के साथ समय बिताने के फैसले की कपिल, गंभीर ने की तारीफ

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के सेना के साथ दो महीने बिताने के फैसले की विश्व विजेता कप्तान कपिल देव और पूर्व क्रिकेटर गौतम गंभीर ने तारीफ की है और कहा है कि धोनी का यह फैसला देश के कई युवाओं को प्रेरित करेगा। पूर्व क्रिकेटर और अब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद गौतम गंभीर पहले कई बार यह कह चुके हैं कि धोनी को सेना की वर्दी तभी पहननी चाहिए जब वह सेना के लिए कुछ करें, लेकिन अब गंभीर ने धोनी के सेना के साथ समय बिताने के कदम को ऐतिहासिक बताया है।



गंभीर ने करगिल युद्ध के 20 साल पूरे होन पर आयोजित किए गए शिखर सम्मेलन के दौरान कहा, धोनी का यह कदम कमाल का है। मैंने पहले कई बार कहा है कि धोनी को सेना की वर्दी तभी पहननी चाहिए जब वो सेना के लिए कुछ करें और अब धोनी ने सेना के साथ समय बिताने का फैसला किया है। इससे पता चलता है कि वह सेना के प्रति कितने समर्पित और गंभीर हैं। धोनी का यह कदम देश के कई युवाओं के लिए प्रेरणा का काम करेगा और युवा सेना में शामिल होने के लिए प्रेरित होंगे।

गंभीर की बात को भारत को पहला विश्व कप दिलाने वाले कप्तान कपिल देव का समर्थन मिला। कपिल ने कहा, धोनी ने जो किया है, वो बड़ा फैसला है।

# बोइंग को दूसरी तिमाही में 2.9 अरब डालर का अब तक का सबसे बड़ा घाटा

**न्यूयॉर्क (आरएनएस)।** बोइंग को किसी भी एक तिमाही में अब तक का सबसे बड़ा घाटा हुआ है। कंपनी को 737 मैक्स विमानों को तकनीकी गड़बड़ी के कारण परिचालन सेवाओं से बाहर किए जाने के कारण यह घाटा हुआ है। कंपनी ने चेतावनी दी है कि अगर यह लंबे समय तक चला तो कंपनी को इन विमानों का उत्पादन निलंबित करना पड़ सकता है। बोइंग ने अप्रैल-जून तिमाही में 2.9 अरब डॉलर के घाटे की सूचना दी है। कंपनी को हालांकि, पिछले साल की इसी तिमाही में 2.2 अरब डॉलर का लाभ फायदा हुआ था। मैक्स विमानों से जुड़ी दो भीषण दुर्घटनाओं के बाद विश्वभर में इन विमानों को परिचालन सेवाओं से बाहर कर दिया गया है। इसके बाद से ही दिग्गज विमानन कंपनी मुश्किलों का सामना कर रही है क्योंकि उसे ग्राहकों को मुआवजा देने के लिए पांच अरब डॉलर की राशि अलग रखनी पड़ी है। दूसरी ओर, 737 मैक्स विमानों की डिलिवरी रूकने से कंपनी का राजस्व भी आलोच्य तिमाही में 35.1 प्रतिशत की गिरावट के साथ 15.8 अरब डॉलर पर आ गया। कंपनी ने देरी के लिये इंजन की समस्या पर दोष मढ़ा है। ये इंजन जनरल इलेक्ट्रिक द्वारा बनाये गये हैं।



# शेयर बाजार में सातवें सत्र में गिरावट जारी

**मुंबई (आरएनएस)।** घरेलू शेयर बाजार पर लगातार सातवें दिन शुक्रवार को गिरावट जारी रही। हालांकि शुरूआती कारोबार के दैरान सेंसेक्स और निफ्टी में उतार चढ़ाव देखने को मिला। सुबह 9.340 बजे सेंसेक्स 46.86 अंकों की गिरावट के साथ 37,784.12 पर बना हुआ था। निफ्टी भी 11.95 अंकों की गिरावट के साथ 11,240.20 पर कारोबार कर रहा था। बंबई स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) के 30 शेयरों पर आधारित संवेदी सूचकांक सेंसेक्स पिछले सत्र की क्लोजिंग से तकरीबन सपाट 37,831.36 पर खुला और 37,888.36 तक उछला जबकि इसका निचला स्तर 37,690.47रहा।

## आज का राशिफल

मेषः- आज आपका दिन अनुकूल रहेगा, आप तन-मन से स्वस्थ होकर कार्य कर पाएंगे। इससे कार्य में उत्साह एवं उर्जा अनुभव होगा। नकारात्मक विचारों से दूर रहें।

वृषभः- आज आपका दिन अस्वस्थता और बेचैनी के साथ बीतने की आशंका। किसी का भला करने पर भी आप पर ही विपत्ति आ सकती है, पैसों का लेने-देन करने से पहले विचार कर लें।

मिथुनः- आज आपका दिन विशेष लाभदायी है, निवेश, व्यापार, नौकरी, विद्या सभी क्षेत्रों में आज लाभ ही लाभ के संकेत हैं, सभी कार्य फलीभूत हो सकते हैं।

कर्कः- आज आप हर काम सरलता से संपन्न कर पाएंगे, नौकरी में आपके उच्चाधिकारी खुश रहेंगे। कार्य की व्यस्तता एवं स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

सिंहः- भाग्य के साथ पूर्व निर्धारित कार्य की तरफ आज आपको प्रयास करना होगा, धार्मिक एवं मांगलिक कार्यों में व्यस्त रहने की संभावनाएं बन रही हैं।

कन्याः- आज के दिन किसी भी नए कार्य का श्री गणेश करने से पहले किसी की राय ले लें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें, सोच-समझकर यात्रा करें।

तुलाः- आज आपका दिन आनंद में बीतेगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। जीवनसाथी का पूर्ण सहयोग मिलेगा। प्रिय व्यक्ति की राय पर ध्यान दें।

वृश्चिकः- सुख- शांति और आनंद का वातावरण बना रहेगा, शत्रुओं पर विजय प्राप्त हो सकती है। अधूरे कार्य संपन्न हो सकते हैं। कोई शुभ सूचना मन को प्रसन्न रखेगी।

धनुः- आज साहित्य एवं कला में आपकी रुचि रहेगी। मन में कल्पना की तरंगे उठेंगी, बौद्धिक चर्चाओं में भाग ले सकते हैं।

मकरः- आज आपकी मनः- स्थिति नकारात्मकता की ओर प्रेरित कर सकती है। मन को सबल रखें। परिवार में क्लेशमय वातावरण हो सकता हैं। इससे मन खिन्न रह सकता है।

कुंभः- मानसिक रुप से आज आप बहुत हल्कापन महसूस कर सकते हैं। अगर आपको कोई चिंता है तो जल्दी ही वह दूर हो सकती है।

मीनः- आज आपका रुका हुआ धन मिलने की संभावना है। आज के दिन अगर धन निवेश करना है तो किसी की राय लेकर करें। सितारे कहते हैं कि खुद पर विश्वास रखकर कार्यों को क्रियान्वित करें।

# राज कचौरी बनाने की विधि...

### जरुरी सामग्री

मैदा - 1कप, सूजी -1/4 कप, बेकिंग सोडा -2 चुटकी7, तेल -तलने हेतु।,

**स्टफिंग हेतु** - उबले आलू -2, बेसन या उड़द दाल की पकौड़िया -10 से 12, दही -1 कप, सेव भुजिया -1/2 कप, उबले मटर या चने -1/2 कप, अनार दाने -1/2 कप, मीठी चटनी, हरी चटनी, भुना जीरा -2 छोटे चम्मच, काला नमक -1 छोटा चम्मच, लाल मिर्च पाउडर -1/2 छोटा चम्मच, नमक -स्वाद के मुताबिक।



### विधि

सर्वप्रथम मैदा, सूजी और बेकिंग सोडा को एक साथ मिलाइए एवं उसमे पानी डालकर अच्छे से गूंद लेवे। - अब कढ़ाई में तेल गर्म कीजिए तथा उसकी छोटी छोटी पुरिया तल लेवे।ये कचौड़ी जैसे हो जाएगी अब इन कचोरियों को मध्य से हल्का सा फोड़ लेवे।आगे की फीलिंग हेतु अब इसमें एक पकोड़ी, आलू के टुकड़े, उबले मटर, भुना जीरा, लाल मिर्च पाउडर, काला नमक, सादा नमक, दही व हरी चटनी डालिए।तत्पश्चात ऊपर से दोबारा से जीरा पाउडर, लाल मिर्च, दही, चटनी, भुजिया एवं अनार के दाने डाले राज कचौड़ी खाने हेतु तैयार है।


# शब्द सामर्थ्य- 37

**बाएं से दाएं**

1. चौड़ी और सपाट जमीन, रणभूमि 3. स्वरग्राम, संगीत के सात स्वरों का समूह 6. धूल का कण, किसी वस्तु का सूक्ष्मकण, धूल 7. हिम्मत, सामर्थ्य 8. अभ्यर्थना, रिसेप्शन, यथा अवसर पर पूछे जाने वाला मंगल कुशल 9. आपस का करार, निबटारा 10. वरदान, दुल्हा 12. भोग, ऐश्वर्य 13. कीमत, मूल्य 14. एक वाद्ययंत्र जिसे सपेरे बजाते हैं 16. समता, बराबरी 18. अश्लील, बेहुदा, अभद्र, घटिया 19. युक्ति, उपाय, ढंग 20. रिक्त, अपूर्ण।

**ऊपर से नीचे**

1. दोस्ती, मित्रता 2. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 4. बचाव, हिफाजत 5. मीठापन, मधुर होने का भाव 7. समुद्र 8. आत्मनिर्भर, जो दूसरे पर आश्रित न हो 9. रसवाला, रसदार 11. मां का बच्चों के प्रति प्रेम 13. खैरात, देने की क्रिया 15. दृष्टि, निगाह 16. वरिष्ठ, बुजुर्ग, चतुर 17. पराजय, हार।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 36 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ला | लू | प्र | सा | द | या | द | व | |
| प | | ति | | | र | क्ष | क | |
| र | ह | मा | न | | | | | आ |
| बा | | | मि | थु | न | | दा | स |
| ह | वा | ला | त | | सी | ता | | पा |
| | न | | | | ब | क | वा | स |
| औ | र | त | | म | | त | | |
| ला | | बे | च | ना | | व | च | न |
| द | ह | ला | | ना | ग | र | | दी |

# सू-दोकू- 37

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | 1 | | 7 | | |
| 4 | | 6 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | 6 | | 8 | | 9 |
| | | 3 | | | 1 | | 6 | |
| 5 | | | 6 | | | 9 | | |
| | | 9 | | 5 | | | 3 | |
| 3 | | | 7 | | 9 | | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | 3 | 9 | |
| 1 | | 4 | | | 8 | | 7 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.36 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 | 8 |
| 9 | 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 5 | 7 |